आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 16.07.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- अण्डमान निकोबार प्रशासन ने न्यूनतम मजदूरी भाड़े में संशोधन किया है।
- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी उन्नीस जुलाई को सीयूइटी–यूजी के प्रभावित उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करेगा।
- द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।
- पिता के कत्ल के आरोप में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने और उसके झांसे में न आने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन ने न्यूनतम मजदूरी भाड़े में संशोधन किया है। अब अकुशल मजदूरों को प्रतिदिन छह सौ तैंतीस रूपए प्रतिदिन की दर से मजदूरी मिलेगी। अर्धकुशल और अकुशल सुपरवाइजरी के लिए यह दर सात सौ चौदह रूपए होगी। कुशल और लिपिक श्रेणी के लिए आठ सौ सैंतीस रूपए प्रतिदिन, जबकि उच्च कुशल श्रेणी के लिए नौ सौ बीस रूपए प्रतिदिन की दर से मजदूरी भाड़ा निर्धारित किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि श्रम विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। सभी संस्थानों के मालिकों से न्यूनतम मजदूरी भाड़े की दरों को सुनिश्चित करने और संशोधित दरों के हिसाब से कामगारों को भुगतान करने को कहा गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूइटी–यूजी के प्रभावित अभ्यार्थियों के लिए उन्नीस जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी। प्रभावित विद्यार्थियों की संख्या एक हजार से अधिक है। एनटीए ने बताया है कि विषय कोड का उल्लेख करते हुए उन्हें ईमेल भेज दिया गया है और जल्द ही परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिये जाएंगे। एनटीए ने कहा कि विशेषज्ञों से मिले परामर्श के आधार पर उत्तर कुंजिका तैयार की जा रही है और इसे आधिकारिक वेबसाइट पर

देखा जा सकेगा। प्रवेश परीक्षा मई महीने में तीन सौ उन्यासी शहरों में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित हुई थी। इनमें छब्बीस केन्द्र देश से बाहर थे। पहली बार यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में ली गई थी। अस्थाई उत्तर पुंजिका सात जुलाई को जारी की गई थी और नौ जुलाई तक इस पर आपत्तियां मांगी गई थी। एनटीए ने कहा था कि यदि परीक्षा संचालन के बारे में कोई शिकायत सही पाई जाती है, तो प्रभावित अभ्यार्थियों के लिए दोबारा से परीक्षा आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

जिला प्रशासन के तहत दक्षिण अंडमान की जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के साथ हाल ही में चिड़ियाटापू समुद्र तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के महत्व और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था, ताकि हर बच्चा अपने आस–पास के वातावरण को साफ–सुथरा रखने में अपना योगदान दें सके। कार्यक्रम की शुरुआत दक्षिण अंडमान के जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा कचरे को इकटठा करने और इसके निपटारन के महत्व पर जानकारी देने के साथ हुई, जिसमें सभी बच्चों को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बाल देखभाल संस्थान के बच्चों ने बिड़नाबाद के ग्राम प्रधान और जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के साथ समुद्र तट से प्लास्टिक की थैलियाँ, कोल्ड ड्रिंक के डिब्बे, रैपर आदि जैसे कचरे को इकट्ठा किया और उन्हें सुरक्षित निपटान के लिए बिड़नाबाद ग्राम पंचायत की कचरा निपटान टीम को सौंप दिया। इसके बाद, बच्चों के लिए मनोरंजन गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। इस सफाई अभियान में लगभग एक सौ पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई अपनाओ–बीमारी भगाओ अभियान के तहत सफाई कर्मियों ने सड़के, सार्वजनिक स्थानों, नालों, फुटपाथों और झाड़ियों की सफाई की, ताकि शहर को साफ–सुथरा बनाए रखा जा सके। इस अभियान के दौरान तीन हजार किलो से अधिक कचरे एकत्र किए गए। परिषद के सचिव अमित काले ने आम जनता से अनुरोध किया है कि खुले में कचरा न फेंके। कचरों को अलग–अलग करके इन्हें आगे की उचित निपटान के लिए सफाई कर्मियों को सौंपे और शहर को साफ–सुथरा बनाए रखने में अपना योगदान दें।

<><><><><><><>

ओग्राब्रांज पुलिस ने छोलदारी के बछड़ा पहाड़ क्षेत्र में हत्या के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौदह जुलाई की शाम पुलिस को इस क्षेत्र में हत्या होने की सूचना मिली थी, जिसमें बताया गया कि एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। सूचना के आधार पर ओग्राब्रांज थाना प्रभारी देवानंद पाठक और अन्य पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और आरोपी पवन चन्द्र मंडल को गिरफ्तार कर लिया।

<><><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रंगलाल हलदार और जिला परिषद की सदस्या वी.के. मरियम बीबी ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डेयरी फार्म निवासी और पूर्व नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष संतोष कुमार मंडल के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे चौहत्तर वर्ष के थे। शव यात्रा आज सुबह नौ बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने और उसके झांसे में न आने का अनुरोध किया है। पुलिस ने कहा है कि अपराधी फर्जी नौकरी का एस एम एस भेजकर साइबर अपराध कर रहे हैं। इसके लिए वे ऑनलाइन विज्ञापन देते हैं और नौकरियां प्रदान करने का लालच देते हैं। घर से ही काम करके कम समय और मेहनत में अधिक पैसा कमाने की लालच दिया जाता है। धोखाधड़ी के लिए साइबर अपराधी एक नौकरी देने वाले या भर्तीकर्ता की भूमिका निभाता है तथा नौकरी चाहने वालों से पूर्व में कुछ पैसे देने की मांग करता है। पुलिस ने इस संबंध में परामर्श जारी करते हुए लोगों से किसी भी अज्ञात लोगों द्वारा भेजे गए मैसेज या ई–मेल के माध्यम से आकर्षित नौकरी के प्रस्ताव वाले विज्ञापनों से बचने को कहा है। धोखाधड़ी से बचने के लिए नौकरी का प्रस्ताव लेने वाली कम्पनी की विशेषज्ञता की जांच कर लें। पंजीकरण या अन्य मामले में कोई भुगतान करने से पहले काम देने वाले की प्रमाणिकता की पुष्टि करें और भुगतान से बचें। धोखाधड़ीकर्ता आमतौर पर किसी भी कार्य को शीघ्र करने का अनुरोध करता है। पुलिस ने ऐसे अनुरोधों की भी जांच करने की सलाह दी है। सहायता, जानकारी और पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना से राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य या पुलिस की साइबर हेल्पलाइन नम्बर नौ पांच तीन एक आठ पांच छः शून्य आठ तीन पर संपर्क करने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

अण्डमान कॉलेज में स्नातक स्तर की आठ पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की श्रेणीवार अस्थाई सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। दावे और आपत्तियां अण्डमान कॉलेज की वेबसाइट पर या सीधे बाईस जुलाई की शाम चार बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

उधर डाइट गाराचरामा में दो वर्षीय डीएलएड पाठयक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारो की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से पांच दिवसीय चेस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कल से इक्कीस जुलाई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर नीरज कुमार मिश्रा चेस समिति की ओर से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी चेस एसोसिएशन से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

तपेदिक और इससे ग्रसित मरीजों को सहयोग देने के लिए टी एस जी चैरीटेबल फाउंडेशन की ओर से दिलानीपुर, हैडो और डेरीफार्म के शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार प्राप्त कर रहे इक्कीस तपेदिक के मरीजों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने शहरी केन्द्रों के डॉक्टर और कर्मचारियों की उपस्थिति में सामानों का वितरण किया।

उधर, दिव्यांगजनों को सहायता पहुंचाने के लिए सी आर सी की ओर से दिव्यांगजनों को उपकरणों का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न केन्द्रों के बच्चों और वृद्धजनों में इसका वितरण हुआ। करीब पच्चीस लाभार्थियों को उपकरण दिए गए।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत कार्यान्वयन एजेंसियां द्वारा वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में साढ़े चार सौ से अधिक ऋण प्रस्तावों को बैंकों को भेजने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने इसी खबर पर सुर्खी दी है द्वीपों में योजना के तहत उद्यमी पोर्टल के माध्यम से तीन सौ छब्बीस लाभार्थियों को ईडीपी प्रशिक्षण दिया गया। इन अखबारों ने विद्युत विभाग द्वारा कार निकोबार, कैम्पबेल बे और कमोर्टा में उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन बिल भुगतान सेवा सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के समाचार को भी पहले पन्ने में जगह दी है। भारत रत्न के. कामराज की जयंती पर पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है। नगरपालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने के समाचार को इंफो इंडिया में, जबकि कोपा अमेरिका फुटबॉल चैम्पियनशिप में अंर्जेटीना ने कोलम्बिया को एक शून्य से हराकर खिताब पर कब्जा किया– द इको ऑफ इंडिया ने इस खबर को अपने खेल पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>